प्रहरी न्यूज़
Hindi News & Information Portal

बुजुर्गों ने बड़े उत्साह से मनाया योग दिवस

DN Verma

22 जून 2023 । 20 hours ago 1 Views

लखनऊ : 21 जून बुधवार को को वासंती पार्क (नया नाम : शहीद चंन्द्र शेखर आजाद पार्क) में विराम-5 के बुजुर्गों ने बड़े उत्साह के साथ योग दिवस मनाया। इस अवसर पर डॉ. भरत राज सिंह, अध्यक्ष व पर्यावरण, विराम-5 जनकल्याण समिति के सदस्यों व निवासियों के साथ ॐ उच्चारण के साथ बृच्छासन, ताड़ासन, तृकोनासन किया। उसके पश्चात भस्तिका, कपालभाती व प्रणायाम कराया गया। सभी ने योग को निरंतर करने का संकल्प दिलाया, जिससे भारत की पौराणिक धरोहर का उपयोग कर 'वासुदेवकुटुंबकम' की भावना विश्व में जागृत हो। इस अवसर पर, विराम खण्ड-5 जनकल्याण महासमिति के उपाध्यक्ष, एस.बी.एल. मल्होत्रा, श्री उमेश तिवारी, सैवानिवृत्त आई.ए.एस., गोरख प्रसाद निषाद, पूर्व-मंत्री, अरुन अवस्थी, तलवार आदि उपस्थित रहे।

---

https://prahrinews.com/archives/70733